फा.सं. 5/1/2018 गो-1/ 2

कर्मचारी चयन आयोग

वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017 के पेपर- I और कनिष्ठ सचिवालय सहायक/अवर श्रेणी लिपिक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2018 के पेपर-।। की कंप्यूटर आधारित परीक्षा की अनंतिम उत्तर कुंजी अपलोड करने के संबंध में।

आयोग द्वारा वरिष्ठ सचिवालय सहायक/प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017 के पेपर- I और कनिष्ठ सचिवालय सहायक/अवर श्रेणी लिपिक सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2018 के पेपर-।। के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षा दिनांक 28.01.2022 को नई दिल्ली केंद्र पर आयोजित की गई थी।

2. अनंतिम उत्तर कुंजी के साथ अभ्यर्थियों के उत्तर-पत्रक नीचे दिए गए लिंक पर उपलब्ध हैं। अभ्यर्थी अपने परीक्षा रोल नंबर और पासवर्ड का उपयोग करके नीचे दिए गए लिंक पर लॉगइन (login) कर सकते हैं।

नोट: वरिष्ठ सचिवालय सहायक /प्रवर श्रेणी लिपिक ग्रेड सीमित विभागीय प्रतियोगी परीक्षा, 2017 के पद के अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि आपत्तियां दर्ज करने के लिए लॉगिन करने हेतु यूजर आईडी के रूप में अपने रोल नंबर से पहले "D" उपसर्ग का उपयोग करें।

उदाहरण: - लॉगिन करने के लिए यूजर आईडी के रूप में रोल नंबर - D22010000XX.

3. अनंतिम उत्तर कुंजी के संबंध में अभ्यावेदन, यदि कोई हो, तो प्रत्येक प्रश्न /उत्तर, जिस पर आपत्ति उठाई गई है, के लिए दिनांक 03.03.2022 (04:00 अपराह्न) से 05.03.2022 (04:00 अपराह्न) तक 100/- रुपये का ऑनलाइन भुगतान कर किया जा सकता है। दिनांक 05.03.2022 (04:00 अपराह्न) के बाद प्राप्त अभ्यावेदनों पर किसी भी परिस्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

4. अभ्यर्थी नीचे दिए गए लिंक का उपयोग करके अनंतिम उत्तर कुंजी के साथ अपने संबंधित उत्तर-पत्रक का प्रिंट आउट ले सकते हैं । अभ्यर्थियों के लिए यह सुविधा दिनांक 03.03.2022 (04:00 अपराह्न) से 05.03.2022 (04:00 अपराह्न) तक उपलब्ध रहेगी ।

अवर सचिव (गो-1/2)

दिनांक: 03.03.2022

अभ्यर्थी के उत्तर-पत्रक, अनंतिम उत्तर कुंजी डाउनलोड करने और अभ्यावेदन प्रस्तुत करने हेतु लिंक

कर्मचारी चयन आयोग